Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 06 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 188

## महत्वपूर्ण एवं खास

### गोद भरने की गारंटी देने वाले बाबा की हार्ट अटैक से मौत, अश्लील वीडियो वायरल होने पर गया था जेल

**बाराबंकी (आरएनएस)।** बाराबंकी जिले में हर्रई गांव के चर्चित बाबा राम शंकर तिवारी उर्फ स्वामी परमानंद का दिल का दौरा पडऩे से लखनऊ के लारी हॉस्पिटल में निधन हो गया। यह बाबा परमानंद नि:संतान दंपत्तियों को पुत्र रत्न का आशीर्वाद देने के लिए काफी फेमस थे। देवा के हर्रई गांव स्थित मां काली शक्ति के संस्थापक राम शंकर तिवारी एक वायरल हुए अश्लील वीडियो आदि के मामले में 2016 में जेल गए थे। अभी कुछ ही दिनों पहले जमानत से बाहर आए हुए थे। स्वामी परमानंद बीमार चल रहे थे। बता दें, बाबा परमानंद कुछ दिन पहले ही जमानत पर छूटकर जेल से बाहर आया था और तभी से बीमार चल रहा था। बाबा परमानंद हर्रई गांव में मां काली शक्ति धाम नाम से आश्रम बनाकर वहां आने वाली नि:संतान महिलाओं को संतान की प्राप्ति का आशीर्वाद देता था। वहां आने वाले लोगों का मानना था कि बाबा के आशीर्वाद से उन्हें संतान की प्राप्ति हुई है। उनके भक्तों में आईपीएस, आईएएस और मंत्री तक शामिल थे. इसी दौरान 2016 में बाबा परमानंद के कुछ आपत्तिजनक वीडियो वायरल हो गए। इन वीडियो में बाबा अलग-अलग महिलाओं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में थे। यह वीडियो उनके आश्रम के ही थे। वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा था। वीडियो वायकल होने के बाद परमानंद बाबा तब लगातार सुर्खियों में भी बने हुए थे।

### केजरीवाल ने वकील के साथ अधिक समय बिताने की मांगी अनुमति, कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की एक अदालत ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्होंने देश के कई हिस्सों में लंबित मामलों के लिए अपने वकील के साथ अधिक समय बिताने की अनुमति मांगी थी। राउज़ एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने मामले को 9 अप्रैल को फैसला सुनाने के लिए सूचीबद्ध किया। गुरुवार को मुख्यमंत्री केजरीवाल ने याचिका दायर कर कहा था कि उनके वकील के साथ बात करने के लिए उन्हें पर्याप्त समय नहीं मिलता, उन्हें विभिन्न राज्यों में कई मामलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में उन्हें वकील के साथ बात करने के लिए कुछ और समय दिया जाय। उन्होंने अदालत से अपने वकील के साथ मिलने की संख्या प्रति सप्ताह पांच तक बढ़ाने का आग्रह किया। कोर्ट ने इस पर सभी पक्षों की दलील सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया। ईडी ने केजरीवाल को शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 21 मार्च को गिरफ्तार किया था।

### जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन पर ईडी की बड़ी कार्यवाई, 31 करोड़ रुपए की जमीन कुर्क

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही है। जमीन घोटाले में जेल में बंद सोरेन के खिलाफ ईडी ने जांच तेज कर दी है। ईडी ने हेमंत सोरेन के कथित स्वामित्व वाले 8.86 एकड़ जमीन को कुर्क कर लिया, जिसकी कीमत करीब 31 करोड़ रुपये बताई जा रही है। ये जमीन रांची के बरियातू में है। ईडी ने गुरुवार को बताया कि पूर्व ष्टरू सोरेन और उनके सहयोगियों के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत ये कार्रवाई की गई है। जमीन घोटाले में पुलिस द्वारा दर्ज मुकदमे के बाद ईडी ने इसकी जांच शुरू की। इस मामले में अधिकारियों समेत कई लोगों के खिलाफ घोटाले का आरोप है। ईडी ने कहा है कि इस मामले में मुख्य आरोपी झारखंड के राजस्व विभाग के पूर्व अधिकारी एवं सरकारी रिकॉर्ड संरक्षक प्रसाद हैं। प्रसाद पर आरोप है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया। प्रसाद अपने पद का गलत इस्तेमाल करते हुए सोरेन समेत कई लोगों को अपराध की कमाई करने, जमीन पर अवैध कब्जे, अधिग्रहण समेत जैसी गतिविधियों में उनकी मदद की है। ईडी की जांच में पाया गया है कि जमीन के रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ किया गया ताकि इसका फायदा भूमाफिया उठा सके। बता दें कि ईडी ने हेमंत सोरेन के साथ-साथ अन्य लोगों के खिलाफ 5500 पन्नों की चार्जशीट दायर की है। झारखंड के पूर्व सीएम सोरेन 64 दिनों सेन्यायिक हिरासत में हैं। इसके अलावा भानु प्रताप प्रसाद, जो पूर्व राजस्व उपनिरीक्षक रहे हैं, वो भी जेल की सलाखों के पीछे हैं।

## उरी में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को किया नाकाम, दो आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर । आरएनएस**



जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक और आतंकवादी को ढेर कर दिया। सेना के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

अधिकारियों ने बताया कि सहुरा नाला में घुसपैठ करने वाले समूह के खिलाफ कार्रवाई के दौरान आतंकवादी को ढेर कर दिया गया। अब दो आतंकवादियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। इससे पहले शुक्रवार सुबह नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों ने संदिग्ध गतिविधियों को भांपते हुए तत्काल उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी।

गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया, जबकि दूसरे को बाद में ढेर कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया, घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। मौके पर तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मारे गए आतंकवादी की पहचान की कोशिश हो रही है।

सेना के सूत्रों ने बताया कि मुठभेड़ के बाद इलाके में तलाशी और घेराबंदी अभियान जारी है और एक आतंकवादी मारा गया है। सेना के सूत्रों ने कहा कि आतंकवादियों का एक समूह जो भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था, उसे भारतीय सेना के जवानों की प्रभावी गोलीबारी के कारण वापस खदेड़ दिया गया। उन्होंने बताया कि नियंत्रण रेखा पर आतंकवादियों और सेना के जवानों के बीच गोलीबारी हुई। सेना के सूत्रों ने आगे बताया कि गोलीबारी के बाद अतिरिक्त बलों को घटनास्थल पर भेजा गया।

एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि 5 मार्च को तडक़े इलाके में आतंकवादी गतिविधियों का पता चला था। एक गुप्त सूचना के बाद, घुसपैठियों को सुरक्षा बलों ने चुनौती दी जिसके बाद गोलीबारी हुई। फिलहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन चल रहा है।

भारतीय सेना ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम करने के बाद अतिरिक्त बल घटनास्थल पर भेजा है। इससे पहले, गैंगस्टरों और पुलिस के बीच गोलीबारी की घटना के दौरान घायल हुए पुलिस सब-इंस्पेक्टर दीपक शर्मा ने कठुआ के सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। 3 अप्रैल को, कठुआ में सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) परिसर में पुलिस और गैंगस्टरों के बीच गोलीबारी की घटना हुई, जिसके परिणामस्वरूप एक पीएसआई दीपक शर्मा घायल हो गए और गोलीबारी में एक गैंगस्टर की मौत हो गई।

## लोकसभा चुनाव से पहले सुरक्षाबलों को बड़ी सफलता : बरामद किए अत्याधुनिक हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा



**इंफाल । आरएनएस**

लोकसभा चुनाव से पहले सेना ने अन्य सुरक्षा बलों के साथ एक संयुक्त अभियान में गुरुवार को मणिपुर के बिष्णुपुर जिले से हथियारों और गोला-बारूद का जखीरा बरामद किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक रक्षा प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने बिष्णुपुर के सदु कबुई गांव के पास खुजोई रोक नाला से हथियार, गोला-बारूद जैसे सामान बरामद किए।

बरामद हथियारों में एक 9एमएम कार्बाइन मशीन गन, एक स्टेन गन एमके-2, एक .303 राइफल, एक 9एमएम पिस्तौल, एक बंदूक, 14 ग्रेनेड, विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री शामिल हैं।

संदिग्ध व्यक्तियों की आवाजाही और अवैध हथियारों व गोला-बारूद की मौजूदगी के बारे में विशिष्ट इनपुट के आधार पर सेना ने एसएसबी और कमांडो सहित मणिपुर पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया और अत्याधुनिक हथियार बरामद किए। बरामद सामान को मणिपुर पुलिस को सौंप दिया गया।

## 17 लाख छात्रों को राहत, सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा एजुकेशन एक्ट रद्द करने वाले हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक

**नई दिल्ली । आरएनएस**



सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को अहम फैसला सुनाते हुए उत्तर प्रदेश मदरसा एजुकेशन एक्ट को रद्द करने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने मदरसा संचालकों की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया है। इलाहाबाद हाई कोर्ट ने मदरसा ऐक्ट को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि यह असंवैधानिक है और सेकुलरिज्म के खिलाफ है।

मदरसा बोर्ड की तरफ से अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि हाईकोर्ट का अधिकार नहीं बनता कि इस एक्ट को रद्द करेज् 17 लाख छात्र इस फैसले से प्रभावित हुए हैं। वहीं, करीब 25000 मदरसे प्रभावित हुए हैं। ये लगभग 125 साल पुराना है, 1908 से मदरसा रजिस्टर हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हाईकोर्ट ने मदरसा एक्ट के प्रावधानों को समझने में भूल की है। हाईकोर्ट का ये मानना कि ये एक्ट धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत के खिलाफ है, ग़लत है। सुपीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओ पर केंद्र, यूपी सरकार, यूपी मदरसा एजुकेशन बोर्ड को नोटिस जारी किया। कोर्ट ने यूपी और केंद्र सरकार को 31 मई तक जवाब दखिल करने को कहा है।

## बैंक धोखाधड़ी मामला : ईडी ने एचडीआईएल प्रमोटर्स पर कसा शिकंजा, 40.37 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त

**नई दिल्ली । आरएनएस**




बैंक धोखाधड़ी के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एचडीआईएल के प्रमोटर राकेश वधावन और सारंग वधावन के खिलाफ धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 'प्रोवीजनल कुर्की आदेश' जारी किया है। इसमें विक्रम होम्स प्राइवेट लिमिटेड की 40.37 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। ईडी के अधिकारियों के अनुसार, कुर्क की गई संपत्ति एक वाणिज्यिक संपत्ति है। इसमें कलेडोनिया बिल्डिंग, अंधेरी पूर्व, मुंबई में कार्यालय शामिल हैं।

वित्तीय जांच एजेंसी ने राकेश वधावन और सारंग वधावन और अन्य के खिलाफ सीबीआई (एसीबी), मुंबई द्वारा दर्ज केस के आधार पर जांच शुरू की है। यस बैंक द्वारा मैक स्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड को 200 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई थी।

प्रारंभ में, मैक स्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा दर्ज कराई गई एक शिकायत के बाद मुंबई में एनएम जोशी मार्ग पुलिस स्टेशन में एफआईआर की गई थी।आरोप के मुताबिक वधावन ने अवैध रूप से और धोखाधड़ी से मैक स्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व वाली कैलेडोनिया इमारत में कई कार्यालय इकाइयां बेचीं। इसके परिणामस्वरूप मैक स्टार को 300 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ।

ईडी ने कहा कि मामले की जांच से पता चला है कि वधावन ने अवैध रूप से और धोखाधड़ी से कैलेडोनिया बिल्डिंग, अंधेरी ईस्ट, मुंबई में स्थित मैक स्टार की एक वाणिज्यिक संपत्ति को मैक स्टार को कोई भुगतान किए बिना विक्रम होम्स प्राइवेट लिमिटेड को बेच दिया। इसका स्वामित्व स्वर्गीय सत्यपाल तलवार और धर्मपाल तलवार के पास है।

इस प्रकार, राकेश वधावन और सारंग वधावन ने मैक स्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड को धोखा दिया। मैक स्टार मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड के बहुमत शेयरधारक (डीई शॉ ग्रुप जिसके पास 83.36 प्रतिशत शेयर हैं) की सहमति के बिना उपरोक्त संपत्तियां अवैध रूप से बेची गईं। ईडी ने इससे पहले 203.99 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की थी। इस मामले में अब कुल कुर्की 244.36 करोड़ रुपये हो गई है।

## दिल्ली में दिल दहला देने वाली वारदात : पत्नी और बेटी को चाकू मारकर उतारा मौत के घाट, फिर फांसी लगाकर की खुदकुशी

**नई दिल्ली । आरएनएस**



दिल्ली के निहाल विहार इलाके से एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है। यहां 42 वर्षीय एक शख्स ने पहले अपनी पत्नी और इसके बाद अपनी बेटी को मौत के घाट उतार दिया। फिर उस शख्स ने पंखे पर लटक कर आत्महत्या कर ली। इन सभी के शव के बारे में इनके बेटे के जरिए पता चला, जो काम के बाद अपने घर लौटा था। मृतक की पहचान अजय, टीना (38) और वर्षा के रूप में हुई। यह सभी निहाल विहार के गली नंबर 5 में रहते थे।

इस जानकारी को साझा करते हुए पुलिस ने कहा कि शुक्रवार सुबह 9:30 बजे पीसीआर को कॉल के जरिए इस घटना के बारे में जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। घटनास्थल पर पहुंचने के बाद पुलिस को अजय पंखे से लटकता हुआ मिला। उसका शव लहूलुहान अवस्था में दिखा। टीना और वर्षा का शव बेड पर पड़ा हुआ था। दोनों का शव लहूलुहान अवस्था में पड़ा हुआ था, जिसे देखकर ऐसा लग रहा था कि हमलावर ने उन्हें चाकू मारकर मौत के घाट उतारा है। वहीं, उनका रूम भी अंदर से बंद पड़ा हुआ था।

पुलिस उपायुक्त (बाहरी) जिमी चिरम ने कहा, फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया। मामले की जांच जारी है। मृतक अजय हलवाई का काम करता था, जिसका 22 वर्षीय बेटा कुशल है, जो कि इलेक्ट्रिशियन है। कुशल काम से वापस लौटा तो उसने अपने परिवार के सभी सदस्यों के शव लहूलुहान अवस्था में पड़े हुए देखे। डीसीपी ने कहा कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि अजय ने ही अपनी पत्नी और बेटी की हत्या किसी धारदार हथियार से की। इसके बाद उसने खुदकुशी कर ली। डीसीपी ने कहा, इस पूरे मामले में आईपीसी की धारा 302 के तहत केस दर्ज कर लिया गया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**❒ सोनहा थानाक्षेत्र में ट्रक के चपेट में आए बाइक सवार**

**बस्ती । आरएनएस**




सोनहा थाना क्षेत्र के असनहरा पेट्रोल पंप के समीप डीसीएम व बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई।मौके पर बाइक सवार दो युवकों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस व स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी भानपुर भिजवाया। चिकित्सक ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कोहड़ा गांव निवासी सत्यम यादव (19) व गांव के हरिलाल प्रजापति (19) के साथ बाइक पर सवार होकर भानपुर में दवा लेने आए थे। दवा लेकर वापस जा रहे थे कि जैसे ही थाना क्षेत्र के असनहरा पेट्रोल पंप के समीप पहुंचे ही थे। अचानक डुमरियागंज के तरफ से आ रही तेज रफ्तार डीसीएम ने बाइक में ठोकर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनो सडक़ के किनारे झाड़ी में जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। बाद में दोनो की मौत हो गई। गांव में मौत की सूचना मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई।परिजन व अन्य ग्रामीण सीएचसी भानपुर पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र मिश्र ने बताया कि मृतक हरिलाल के भाई अर्जुन के तहरीर पर डीसीएम चालक के खिलाफ केस दर्ज कर डीसीएम व चालक को हिरासत में ले लिया।

सत्यम दो भाइयो में छोटा था

जानकारी के अनुसार मृतक सत्यम यादव दो भाई शिवपूजन के बाद छोटा था और इस बार हाईस्कूल का परीक्षा दिया था। घर पर रहता था। मृतक के पिता अशोक यादव मुम्बई में काम करते हैं। मृतक बड़े भाई व मां पुष्पा देवी के साथ रहता था सत्यम की मौत की खबर सुनते ही घर में कोहराम मच गया।

**भाई-बहनो में चौथे नंबर पर था हरिलाल-** मृतक हरिलाल चार भाईयो में चौथे नंबर पर था इंटर की पढ़ाई करके घर पर रहता था। बड़ा भाई अर्जुन, गिन्नीलाल, महेश व दो बहन जानकी,शांती हैं।पिता श्याम लाल किसानी करते हैं।मां सुमन देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## विंध्याचल देवी धाम : 10 जोन 21 सेक्टर में विभाजित कर सम्पादित किया जायेगा चैत्र नवरात्र मेला

**मीरजापुर । आरएनएस**



मां विन्ध्यवासिनी देवी के धाम विन्ध्याचल में आगामी 8/9 अप्रैल 2024 की मध्य रात्रि से प्रारम्भ होने वाले चैत्र नवरात्र मेला की तैयारियां प्रगति पर हैं। मेला के तैयारियों के दृष्टिगत प्रशासनिक भवन विन्ध्याचल में मण्डलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी, उप पुलिस महानिरीक्षक आरपी सिंह ने जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सहित सभी सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर बिन्दुवार कार्य प्रगति की जानकारी ली। मण्डलायुक्त ने कहा कि मेला क्षेत्र में दर्शनार्थियों, श्रद्धालुओं के सुविधा के लिये जिस विभागीय अधिकारी को जो दायित्व सौपा गया है वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी व सेवा भाव के साथ अधिकतम 6 अप्रैल 2024 तक समस्त तैयारियां पूर्ण कर पूर्णता का प्रमाण पत्र अपर जिलाधिकारी को उपलब्ध कराया जाए। मण्डलायुक्त ने नगर पालिका विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित करते हुये कहा कि पूरे मेला क्षेत्र व गलियों की सफाई व्यवस्था, शिफ्टवार सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुये सफाई सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार अस्थायी पेयजल व्यवस्था के लिये टैंकरो की साफ सफाई, खराब हैण्डपम्पो की मरम्मत तथा अस्थायी नलों की टोटियों आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाए। बैठक में बताया गया कि सफाई व्यवस्था विगत एक सप्ताह से मेला क्षेत्र में कराया जा रहा हैं। अस्थायी पेयजल व्यवस्था हेतु नगर पालिका के द्वारा टैंकरो में से सभी की साफ सफाई व पेंटिंग सुनिश्चित करा ली गयी हैं। इसी प्रकार मेला में अधिष्ठापित 152 नग हैण्डपम्प का निरीक्षण कर समस्त हैण्डपम्पों के मरम्मत कार्य करा दिया गया है तथा 34 नग स्थायी स्टैण्ड पोस्टो की भी मरम्मत कार्य पूर्ण करा लिया गया हैं। मेला क्षेत्र के घाटो पर बने अस्थायी शौचालयों हेतु 15 नग अस्थायी स्टैण्ड पोस्टो का निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है जो शीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। मेला क्षेत्र में प्रकाश बिन्दुओं का निरीक्षण कर 75 प्रतिशत कार्य पूर्ण कराया जा चुका हैं शेष अपूर्ण कार्य समय रहते पूर्ण करा लिया जायेगा। मेला क्षेत्र में कुल 6 मोबाइल शौचालय की व्यवस्था पर मण्डलायुक्त ने इसे बढ़ाते हुये 12 मोबाइल शौचालय करने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में बताया गया कि मेला क्षेत्र मे 11 स्थलों पर स्वास्थ्य टीम, चिकित्सकों स्वास्थ्य स्टाफ व आवश्यक दवाओं की उपलब्धता रहेगी इसके अतिरिक्त प्रमुख स्थलों पर एम्बुलेंस की व्यवस्था 24 घण्टे उपलब्ध रहेगी। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल ने मेला के तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को 10 जोन व 21 सेक्टरो में विभाजित कर अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गयी हैं। उन्होंने पुरानी व नई वीआईपी मार्ग, कोतवाली मार्ग, पक्का घाट मार्ग से आने वाले दर्शनार्थियों के दर्शन के सुविधा के दृष्टिगत बैरीकेटिंग के स्थलों का चिहिन्त कर कार्य कराया जा रहा है जो समय रहते पूर्ण करा लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि विन्ध्य विकास परिषद के द्वारा तीनों मन्दिरों के रंगाई पुताई का कार्य कराया गया तथा तीनो मन्दिरों पर एक जनरेटर की व्यवस्था की गयी है इसके अतिरिक्त एक-एक अतिरिक्त जनरेटर इमरजेंसी के लिये की जायेगी। उन्होंने विभागवार कार्य प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मण्डलायुक्त ने खाद्य सुरक्षा तथा बाट माप के अधिकारियों को गहन जांच करने का निर्देश देते हुये विद्युत सुरक्षा के अधिशासी अभियन्ता के विद्युत वायरिंग आदि की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। मण्डलायुक्त ने कहा कि मन्दिर परिसर में कोई भी व्यक्ति मादक पदार्थ का सेवन कर प्रवेश नहीं करेगा यदि पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने कहा कि मां विन्ध्यवासिनी देवी महिमा की दुनिया में अच्छा संदेश जाए ताकि यहां पर पर्यटको की संख्या बढ़े इसके दृष्टिगत सभी पण्डा समाज के सदस्य व पुरोहित तथा स्थानीय लोगों के साथ पुलिस के द्वारा भी यात्रियों के साथ सद्व्यवहार किया जाए किसी भी स्तर पर मारपीट व दुर्व्यवहार की शिकायत पायी जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कि वाहन स्टैण्डो पर रेट लिस्ट चस्पा किया जाए आने वाले दर्शनार्थियो से उचित मूल्य ही लिया जाए। मण्डलायुक्त ने कहा कि सभी लोग अपनी जिम्मेदारियों को सेवा भाव के रूप में करते हुये ड्यूटी का निर्वहन करे ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए।